**सोमवार, 30 मई 2016 को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हिंदी विवि में कार्यक्रम का आयोजन**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार, 30 मई को दोपहर 3.00 बजे जनसंचार विभाग के स्टुडियो में हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा उपस्थित रहेंगे। विवि का जनसंचार एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों से उपस्थित रहने की अपील आयोजकों द्वारा की गयी है।